## विकास पथ पर जावरा : विधायक डॉ. राजेन्द्र पांडेय के प्रयासों से मिली ढाई करोड़ की नई सौगातें

**जावरा।** विकास की राह पर निरंतर आगे बढ़ते जावरा विधानसभा क्षेत्र को एक बार फिर बड़ी सौगात मिली है। विधायक डॉ. राजेन्द्र पांडेय के सतत प्रयासों से क्षेत्र में लगभग ढाई करोड़ रुपये की लागत से सांस्कृतिक शेड निर्माण एवं विद्यालयों में अतिरिक्त कक्षों की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस निर्णय से ग्रामीणों, विद्यार्थियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं में हर्ष का वातावरण है। कुछ समय पूर्व ही ग्रामीण विकास और शिक्षा के क्षेत्र में लगभग आठ करोड़ रुपये के कार्य स्वीकृत हुए थे। इन्हीं प्रयासों की कड़ी में अब नए निर्माण कार्यों को मंजूरी मिली है, जिससे क्षेत्रीय अधोसंरचना को और मजबूती मिलेगी।

विधायक डॉ. पांडेय ने जावरा विधानसभा के ग्रामीण अंचलों में विकास को प्राथमिकता देते हुए सामुदायिक भवनों और सांस्कृतिक शेड निर्माण की अनुशंसा की थी। इस हेतु उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल से भेंट कर स्वीकृति का आग्रह किया था, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं।

### 9 स्थानों पर बनेंगे सांस्कृतिक शेड

लगभग 1 करोड़ 31 लाख रुपये की लागत से जावरा विकासखण्ड के ग्राम मेहंदी, पिपलियासीर, मार्तंडगंज, मोयाखेड़ा, शककरखेड़ी तथा पिपलौदा विकासखण्ड के ग्राम बडायला माताजी, बोरखेड़ा, रियावन (गोशाला परिसर) एवं सोहनगढ़ की नई आबादी में सांस्कृतिक शेड स्वीकृत किए गए हैं। इनसे ग्रामीण आयोजनों, सामाजिक कार्यक्रमों और सांस्कृतिक गतिविधियों को नया मंच मिलेगा।

### शिक्षा क्षेत्र को भी बड़ी मजबूती

शैक्षणिक सुविधाओं के विस्तार की दिशा में लगभग 1 करोड़ 19 लाख रुपये की लागत से हायर सेकेंडरी स्कूल पंचेवा और हाईस्कूल रोजाना में अतिरिक्त कक्ष एवं प्रयोगशाला निर्माण की स्वीकृति दी गई है। इससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध होगा। इससे पूर्व भी पाँच विद्यालयों में एक करोड़ से अधिक के कार्य स्वीकृत हो चुके हैं।

### पूर्व में भी मिल चुकी हैं 8 करोड़ के कार्यों की स्वीकृति

उल्लेखनीय है कि इससे पहले डॉ. पांडेय की अनुशंसा पर लगभग 8 करोड़ रुपये की लागत से दो स्थानों पर अटल ग्राम पंचायत सुशासन भवन, तीन पुलिया निर्माण तथा 21 सामुदायिक भवनों की स्वीकृति मिल चुकी है। जावरा विधानसभा क्षेत्र को मिली इन सौगातों पर कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल एवं विधायक डॉ. राजेन्द्र पांडेय के प्रति आभार जताते हुए कहा कि इन विकास कार्यों से क्षेत्र की तस्वीर बदलेगी और ग्रामीण जीवन स्तर में सुधार होगा।

## सोमवारिया में हिंदू सम्मेलन कार्यालय का शुभारंभ, विश्वनाथ बस्ती क्षेत्र में तैयारियाँ तेज



### 26 जनवरी को होगा हिन्दू सम्मेलन

**जावरा।** हिंदू जागरण की दिशा में नई ऊर्जा और चेतना के संचार के उद्देश्य से नगर की विभिन्न बस्तियों में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवारियां स्थित दुर्गा माता मंदिर के सामने विश्वनाथ बस्ती हिंदू सम्मेलन कार्यालय का विधिवत शुभारंभ किया गया।

आयोजन समिति के प्रचार-प्रसार प्रमुख उमेश शर्मा ने बताया कि कार्यालय उद्घाटन अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग कार्यवाह तेजराम मांगरोदा, नगर कार्यवाह आकाश भावसार एवं नगर प्रचारक दीपक गढ़वाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। आयोजन समिति संयोजक सुभाष टुकड़िया एवं सहसंयोजक मदन प्रजापत ने भारत माता का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। मातृस्वरूपा कन्या द्वारा कलश स्थापना की गई, जिसके पश्चात महाआरती एवं प्रसाद वितरण संपन्न हुआ। इस अवसर पर अनिल टांक, चिराग छाजेड़, नितेश राठौड़, निलेश सुराणा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### दायित्व प्रमुख भी रहे उपस्थित

कार्यक्रम में आयोजन समिति के पालक अजीत चत्तर, आशीष सर्राफ, हेमा पगारिया, कोषाध्यक्ष नितेश धनोतिया, सहकोषाध्यक्ष नागेश्वर पांचाल, समाज व्यवस्था प्रमुख राजमल बरैया, वस्तु संग्रहण/व्यवस्था प्रमुख रमेश धाकड़, स्वच्छता प्रमुख अनिल मोदी (पार्षद), महिला प्रमुख हेमा गोपाल मोदी सहित विभिन्न व्यवस्थाओं के प्रमुख एवं सदस्यगण उपस्थित रहे।

### 26 जनवरी को होगा विराट हिंदू सम्मेलन

विश्वनाथ बस्ती क्षेत्र अंतर्गत हिंदू सम्मेलन का आयोजन 26 जनवरी को होगा। जिसके तहत 25 जनवरी 2026 को सायं 6 बजे श्री जागनाथ महादेव मंदिर, पुल बाजार से भव्य वाहन रैली निकाली जाएगी, जो नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरेगी। वहीं 26 जनवरी 2026 सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं वरिष्ठ समाजसेवियों का सम्मान आयोजित होगा। दोपहर 3 बजे से हिंदू सम्मेलन तथा 4 बजे से धर्मसभा प्रारंभ होगी। आयोजन श्री चारभुजानाथ मंदिर, धाकड़ धर्मशाला, कुम्हारीपुरा (पिछ्ली ओर) पर होगा।

## सांदीपनि विद्यालय में 'ग्रामोदय से अभ्युदय' अभियान का आयोजन

**जावरा।** म.प्र. जन अभियान परिषद विकासखंड जावरा के अंतर्गत ग्रामोदय से अभ्युदय, मध्य प्रदेश अभियान का आयोजन सांदीपनि विद्यालय जावरा में किया गया। मुख्य अतिथि समाजसेवी अभय कोठारी ने कहा कि प्रदेश के गाँवों का चहुंमुखी विकास हो रहा है और शासन तत्परता से ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण कर उन्हें विकास में सहभागी बना रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने गाँव को स्वावलंबी बनाने में योगदान दें और ग्रामीणों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने में अपनी महती भूमिका निभाए। ब्लॉक समन्वयक युवराजसिंह पंवार, विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र बोस और समाजसेवी युवराज सिंह राणावत ने भी संबोधित किया। **विद्यार्थियों को किया सम्मानित** – कार्यक्रम में सांदीपनि विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थी नीलू व संतोष बॉलीबॉल (संभाग स्तर), कृतिका परमार लेखन प्रतियोगिता, प्रदीप भाषण प्रतियोगिता (जिला स्तर) एवं क्रिकेट (राज्य स्तर) इशारा गनजर जैव विविधता (जिला स्तर)को संस्था द्वारा स्मृति चिन्ह एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। संचालन संजय वास्तव ने किया।





# पेंशन केवल व्यवस्था नहीं, सेवा और सक्रियता जीवन का आधार : सी.एम. मेहता

## वार्षिक सम्मेलन में पेंशनरों के हितों की सुरक्षा व संगठन की मजबूती पर हुई चर्चा

**जावरा।** पेंशन एक शासकीय प्रक्रिया मात्र नहीं है, बल्कि सेवानिवृत्ति के बाद भी व्यक्ति को सक्रिय, सृजनशील और समाजोपयोगी बने रहने का माध्यम है। पेंशनर को अपने अनुभव और ऊर्जा का उपयोग समाजहित में निरंतर करते रहना चाहिए।

उक्त विचार पेंशनर्स समाज शाखा जावरा के वार्षिक सम्मेलन में मुख्य अतिथि डॉ सी.एम. मेहता, प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय कालूखेड़ा ने व्यक्त किए। कार्यक्रम के विशेष अतिथि भारतीय स्टेट बैंक शाखा जावरा के मुख्य प्रबंधक संतोष वर्मा ने पेंशनरों को बैंकिंग संबंधी हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पेंशनर संघ रतलाम के अध्यक्ष सुरेन्द्र छाजेड़ ने की। उन्होंने कहा कि पेंशनरों को एकजुट रहकर अपने अधिकारों की रक्षा करनी होगी तथा शासन की प्रतिकूल नीतियों का संगठित रूप से विरोध करना होगा।

### दीप प्रज्वलन से हुआ शुभारंभ

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। सरस्वती वंदना वरिष्ठ सदस्या कलावती शर्मा ने प्रस्तुत की। अतिथियों का स्वागत शाखा अध्यक्ष देवीशरण शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष हरिसिंह चन्द्रावत, डॉ ए.एन. पालीवाल, अम्बालाल चौधरी, केसरीमल कासोट, अभय श्रीवास्तव, शाद मोहम्मद खान, मांगीलाल जेलवाल एवं राधेश्याम धनोतिया सहित अन्य सदस्यों ने किया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में पेंशनर सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से सत्यनारायण वर्मा, मदनलाल पंचावत, सरदारमल धारीवाल, ओमप्रकाश पाठक, शकुन्तला बैरागी, गीतादेवी सोनी, निरंजना श्रोत्रिय आदि शामिल थे। स्वागत भाषण अवधनारायण पालीवाल ने दिया, जबकि संस्था का वार्षिक प्रतिवेदन सचिव रामनिवास शर्मा द्वारा प्रस्तुत किया गया।

### वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान, 29 को आयुर्वेदिक स्वास्थ शिविर

इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ एवं सक्रिय सदस्य महेश जोशी, हरिसिंह चन्द्रावत, मधुसूदन त्रिवेदी तथा शहजाद खान का शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। साथ ही गत वर्ष दिवंगत हुए सदस्यों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में यह भी जानकारी दी गई कि आगामी 29 जनवरी 2026 को पेंशनर्स समाज शाखा जावरा द्वारा सभी पेंशनरों एवं नागरिकों के लिए निःशुल्क आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परामर्श एवं औषधि वितरण किया जाएगा। संचालन ओमप्रकाश त्रिवेदी ने किया। आभार कार्यकारी अध्यक्ष चन्द्रावत ने माना।

# सेवा और संवेदना की मिसाल बना जावरा, दवाई संग्रहण बैंक का शुभारंभ

## जय कैला माता समिति व महाविद्यालय के संयुक्त प्रयास से शुरू हुआ जनहित अभियान

**जावरा।** भगत सिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जावरा तथा जय कैला माता शैक्षणिक एवं सामाजिक समिति, रतलाम द्वारा संचालित दवाई संग्रहण बैंक महंगी दवाइयों को डस्टबिन न दिखाएँ अभियान के संयुक्त तत्वावधान में जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में विधिवत रूप से दवाई संग्रहण बैंक की स्थापना कर व्यापक जन-अभियान की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में दवाइयों के उचित उपयोग, सुरक्षित संग्रहण तथा जरूरतमंद मरीजों तक उन्हें पहुँचाने के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। जय कैला माता संस्था के पदाधिकारियों, महाविद्यालय के स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने अपने घरों में बची हुई उपयोगी दवाइयाँ एकत्रित कर जिला चिकित्सालय को भेंट कीं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य उन जरूरतमंद लोगों की सहायता करना है, जो आर्थिक अभाव के कारण महंगी दवाइयाँ खरीद पाने में सक्षम नहीं हैं।

### महाविद्यालय प्राचार्य ने की सराहना

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए.जी. पठान ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि यह अभियान समाज में मानवीय संवेदना और सेवा भाव को सशक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में डॉ. बी.एस. किराड़े, डॉ. भावना भट्ट, डॉ. दुष्यन्त भदौरिया, आरती छोटाना, समिति सचिव/पैरा लीगल वालेंटियर पं. विजय हेमकांत शर्मा, उप कार्यालय प्रभारी/पैरा लीगल वालेंटियर युवराज सिंह राणावत तथा समाजसेवी एवं आरोग्य प्रकोष्ठ प्रभारी रमेश धाकड़ विशेष रूप से उपस्थित रहे। अंत में संस्था संरक्षक पं. राजेन्द्र कुमार जोशी ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## उदयराज सिंह डोड़िया का राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन



**जावरा।** स्थानीय जावरा हैंडबॉल क्लब के प्रतिभावान खिलाड़ी उदयराज सिंह डोड़िया का चयन 69वीं राष्ट्रीय सीनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए किया गया है। यह प्रतियोगिता स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में 27 से 31 जनवरी 2026 तक गुजरात के सोमनाथ में आयोजित होगी। जिला हैंडबॉल एसोसिएशन रतलाम के महासचिव एवं क्लब के वरिष्ठ प्रशिक्षक विजय रावल ने जानकारी देते हुए बताया कि उदयराज क्लब के सबसे होनहार और मेहनती खिलाड़ियों में से एक हैं। उनका राष्ट्रीय स्तर पर चयन होना जावरा नगर और पूरे क्लब परिवार के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने से पूर्व मध्यप्रदेश टीम का प्री-नेशनल कैंप 20 से 24 जनवरी 2026 तक शिवपुरी में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें शामिल होने के लिए उदयराज जावरा से रवाना हो चुके हैं। बस स्टैंड पर शिवपुरी रवाना करते समय क्लब के वरिष्ठ खिलाड़ियों वरुण नरसिंघानी, जयेश माली, जितेंद्र जयंत, संजय कुशवाह, अक्षय बैरागी, आदित्य पांचाल सहित अन्य खिलाड़ियों ने उदयराज का स्वागत कर शुभकामनाएँ दीं। जावरा हैंडबॉल क्लब की ओर से शाहिद हुसैन, अंसार हुसैन, सिकंदर सिंह सिसोदिया, एडवोकेट ओमप्रकाश बघेरवाल, अक्षत जैन, विजय बैरागी, अजय बैरागी आदि ने भी उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई प्रेषित की।

## सप्तशक्ति संगम में गूंजा मातृशक्ति का संदेश, संस्कार और पर्यावरण पर विशेष जोर

**जावरा।** सरस्वती शिशु मंदिर, कश्मीरी गली द्वारा संचालित संस्कार केंद्र पर सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रधानाचार्य शीला जैन, विशेष अतिथि सरोज सांखला तथा अध्यक्ष के रूप में मनीषा गंगवाल उपस्थित रहीं। अतिथियों का परिचय संस्कार केंद्र संचालक सपना सोलंकी ने कराया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत से हुआ। मंजु सोलंकी, प्रमिला टुकड़िया, सोनाली शिंदे एवं आयुषी द्वारा अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया गया। हरेन्द्रकुँवर चौहान ने कार्यक्रम की भूमिका प्रस्तुत करते हुए सप्तशक्ति संगम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रतीक्षा उपाध्याय एवं आरती रावल ने प्रेरक गीत प्रस्तुत किया, वहीं उषा पांचाल ने ओजपूर्ण कविता सुनाई। मुख्य अतिथि शीला जैन ने अपने उद्बोधन में कुटुम्ब प्रबोधन, संस्कार निर्माण और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को विस्तार से समझाया।

## उधार लेकर पलटी मारना पड़ा भारी: जावरा न्यायालय ने सुनाई कड़ी सजा

**जावरा।** जरूरत बताकर दो लाख रुपये उधार लेकर वापस न लौटाना और दिया गया चैक भी बाउंस हो जाना आरोपी को महंगा पड़ गया। जावरा न्यायालय ने चैक बाउंस के मामले में आरोपी को 6 माह के साधारण कारावास और 2 लाख 40 हजार रुपये प्रतिकर अदा करने की सजा सुनाई है।

प्रकरण के अनुसार परिवादी बंशीलाल पिता रामचन्द्र पाटीदार, निवासी ग्राम हरियाखेड़ा तहसील पिपलौदा से आरोपी दशरथ पिता कैलाशचन्द्र पाटीदार, निवासी मामटखेड़ा वाला, सांवलिया एग्रो एजेंसी, भीमाखेड़ी फाटक (पदमावती दाल मील के पास) जावरा ने रुपयों की आवश्यकता बताकर 1 मई 2024 को 2,00,000 रुपये प्राप्त किए थे। आरोपी ने भरोसा दिलाया था कि मांगने पर पूरी राशि लौटा देगा। परिवादी द्वारा राशि की मांग करने पर आरोपी ने 11 मई 2024 को एच.डी.एफ.सी. बैंक शाखा जावरा के अपने खाते का चैक प्रदान किया। जब परिवादी ने चैक भुगतान हेतु बैंक में प्रस्तुत किया तो 5 जुलाई 2024 को अपर्याप्त निधि के कारण चैक रिटर्न हो गया। इसके बाद परिवादी ने अधिवक्ता अनिल चत्तर जैन एवं अर्पित चत्तर जैन के माध्यम से रजिस्टर्ड सूचना पत्र भेजकर भुगतान का आग्रह किया, लेकिन आरोपी ने राशि नहीं चुकाई। अंततः परिवादी ने 8 अगस्त 2024 को न्यायालय न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी जावरा में परिवाद प्रस्तुत किया। सुनवाई में परिवादी ने दस्तावेजों और साक्ष्यों से अपना पक्ष सिद्ध किया। न्यायालय ने सभी तथ्यों का परीक्षण कर परिवाद को सही पाया। जिस पर न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी जावरा शिवानी राठौर ने फैसला सुनाते हुए आरोपी दशरथ पाटीदार को 6 माह के साधारण कारावास एवं प्रतिकर के रूप में 2,40,000 रुपये परिवादी को अदा करने का आदेश दिया।

# जहाँ धर्म की पालना होती है, वहाँ अपनत्व व मित्रता बढ़ती हैं

**जावरा(नि.प्र.)।** वर्तमान दौर में जहाँ धर्म की पालना होती हैं, जहाँ पर पावनता का दार्शनिक स्वरूप होता हैं, जहाँ मनोरंजन गतिविधियों के माध्यम से तनावों को दूर करते हुए हर गतिविधि में सभी साथी मिलजुलकर हिस्सा लेते हैं।

वहाँ अपनत्व व मित्रता बढ़ती हैं ऐसे ही आयोजनों के माध्यम से जैन सोश्यल ग्रुप जावरा मैत्री निरंतर कार्य कर रहा हैं उक्त विचार जैन सोश्यल ग्रुप जावरा मैत्री की पारिवारिक मनोरंजन सभा में जैन सोश्यल ग्रुप्स के अंतर्राष्ट्रीय डायरेक्टर अनिल धारीवाल ने अम्बिका रिसोर्ट में व्यक्त किए, इस अवसर पर पतंग सजाओ प्रतियोगिता व म्यूजिकल तम्बोला प्रतियोगिता आयोजित की गई, उपरोक्त जानकारी देते हुए जैन सोश्यल ग्रुप जावरा मैत्री सचिव शशांक मेहता व पूर्व अध्यक्ष संदीप रांका ने बताया की ग्रुप के उपस्थित 115 दम्पत्ति साथियों द्वारा म्यूजिकल तम्बोला में हर गीत पर ग्रुप सदस्यों ने डांस की प्रस्तुति देते हुए आयोजन में सभी का मन मोह लिया, विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया गया, आयोजन में जैन सोश्यल ग्रुप जावरा मैत्री अध्यक्ष राजेश पोखरना ने स्वागत भाषण दिया, मंगलाचरण श्रुति अमन दसेड़ा द्वारा प्रस्तुत किया गया, सेल्फी



पॉइंट पर सभी सदस्यों ने आकर्षक सेल्फी ली, म्यूजिकल तम्बोला करीब 3 घंटे तक निर्बाध रूप से चला, तम्बोला कार्यक्रम कार्यक्रम का संचालन सिंगर पप्पू शर्मा द्वारा किया गया, अंत में ग्रुप द्वारा 12 दिवसीय शिखर जी तीर्थ यात्रा सम्पन्न होने पर अध्यक्ष राजेश पोखरना, सचिव शशांक मेहता व कोषाध्यक्ष संदीप दसेड़ा का बहुमान किया, कार्यक्रम का संचालन दीपक मेहता व शरद डूंगरवाल ने व आभार अर्पल कोचट्टा ने व्यक्त किया, आयोजन में अध्यक्ष राजेश पोखरना, संस्थापक अध्यक्ष अनिल धारीवाल, पूर्वअध्यक्ष गण पंकज कांठेड, राजीव लुक्कड़, आलोक बरैया, सचिव शशांक मेहता, संदीप दसेड़ा, दीपक मेहता, तरुण टुकड़िया, शैलेष श्रीश्रीमाल, विपिन चोरडिया,अजय पटवा, मनीष मेहता,श्रेयांश कोठारी, रितेश चोपडा, चिराग चोरडिया, आशीष सुराणा, संदीप श्रीमाल, अरुण धारीवाल, पुखराज संचेती, संजय भटेवरा,शरद डूंगरवाल, राजीव लुहाड़िया, महावीर धारीवाल, नीलेश कांकरिया, आलोक जैन, मनीष पोखरना, राहुल बरैया, वैभव ओस्तवाल, पियूष कांठेड, यश मेहता, सुनील खेमेसरा,संतोष कोचट्टा, लोकेश कांठेड, चिंतन टुकड़िया, आशीष जैन,राजेश हिंगड़, अजय कांठेड, दीपक लुक्कड़, ऋषभ पगारिया, विनीत संचेती, पुखराज सुराणा, अभय छजलानी,रोहित चोरडिया उपस्थित थे, उपरोक्त जानकारी प्रचार सचिव मनीष मेहता ने प्रदान की ।